**204** **III**

Total No. of Questions – 16
Total No. of Printed Pages – 4

Regd. No.

## Part – II
## HINDI, Paper – II
## (Second Language)

*Time : 3 Hours ]* *[ Max. Marks : 100*

**सूचनाएँ :** (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(2) जिस क्रम में प्रश्न दिए गए हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है।

**खण्ड – 'क'** **(60 अंक)**

I. निम्नलिखित दोहे की पूर्ति करते हुए भावार्थ सहित विशेषताएँ लिखिए : $1 \times 8 = 8$
भेष बनावै ..........................................
.............................................. नहिं होय ॥
**अथवा**
कहलाने ..........................................
.............................................. निदाघ ॥

II. किसी **एक** कविता का सारांश लिखिए : $1 \times 6 = 6$
(1) सीख
(2) मिट्टी की महिमा

III. किसी **एक** पाठ का सारांश लिखिए : $1 \times 6 = 6$
(1) आलस्य और दृढ़ता
(2) दो कलाकार

IV. किसी एक एकांकी का सारांश लिखिए : $1 \times 6 = 6$
(1) छींक
(2) रीढ़ की हड्डी

V. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 4 = 8$
(1) इसे निज जीवन-सखा बनाओ,
श्रम को अपनाओ,
भू-जीवन मंगल गाओ !

(2) नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है ।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है ।

(3) यों तो बच्चों की गुड़िया-सी भोली मिट्टी की हस्ती क्या ?
आँधी आए तो उड़ जाए, पानी बरसे तो गल जाए ।

(4) सत्ता के मन में जब-जब पाप भर जाएगा
झूठ और सच का सब अन्तर मिट जाएगा
न्याय असहाय, जोर-जब्र खिलखिलाएगा
जब प्रचार ही लोक-मंगल कहलाएगा

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 4 = 8$

(1) मैं समझ गया कि मेरी काली शेरवानी काम आ गई । यह काली शेरवानी और ये बड़े बाल मुझे कोई रूप दे देते हैं ।

(2) 'विश्वविख्यात और विश्ववंद्य होते हुए भी उनका स्वभाव अति सरल और व्यवहार अति विनम्र था ।'

(3) 'अरे क्रीम है, इससे जाड़ों में चेहरा चिकना बना रहता है, काला नहीं पड़ता ।'

(4) कूर्मांचल हिमालय का द्वार है । कूर्मांचल पहाड़ों में दिखने वाला हिमालय पता नहीं कैसे अपने आप खींचने लगता है ।

VII. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

(1) बरात में जाना कैसा कार्य है ?

(2) रामकृष्ण मिशन की स्थापना किस उद्देश्य से की गई ?

(3) ललिता का स्वभाव कैसा था ?

(4) कूर्मांचल प्रदेश का दर्शन करने वाले महान पुरुषों के नाम लिखिए ।

VIII. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

(1) पंचम मिसिर ने कैसा सपना देखा ?

(2) नीलमणि का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(3) कलिंग युद्ध के पहले अशोक का स्वभाव कैसा था ?

(4) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

IX. निम्नलिखित प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(1) वृन्द के अनुसार दान किसको देना चाहिए ?

(2) कनक-कनक के अर्थ क्या-क्या हैं ?

(3) किसकी मेहनत बेकार नहीं होती ?

(4) अज्ञेय जी का पूरा नाम क्या है ?

(5) मन में रोका हुआ हर शब्द क्या बनेगा ?

X. निम्नलिखित प्रश्नों का **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) डॉक्टर बस वालों से क्या झूठ बोलता है ?

(2) स्वामी विवेकानंद की शिष्या का नाम क्या है ?

(3) चित्रा, अरुणा को किस नाम से पुकारती थी ?

(4) ललिता गुड़िया के साथ कहाँ गई ?

(5) कूर्मांचल प्रदेश में बहने वाली नदी का नाम क्या है ?

## खण्ड – 'ख'

(40 अंक)

XI. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए : 4 × 2 = 8

भारत त्योहारों का देश है । हमारे देश में सर्वत्र विविधता दिखाई पड़ती है । भौगोलिक रचना, मौसम, रहन-सहन, जाति-पाँति, धर्म, आचार-विचार आदि की विविधता के कारण इस देश में अनेकों त्योहार मनाये जाते हैं, जैसे – दशहरा, दीपावली, होली, युगादि, संक्रांति, बकरीद, रमजान, क्रिसमस इत्यादि त्योहार भारत देश में मनाये जाते हैं । इन त्योहारों का संबंध धर्म, विश्वास, मौसम तथा उल्लास से है । कुछ त्योहार ऐसे हैं जिनको सभी भारतीय पूरे देश में मनाते हैं । उन्हें राष्ट्रीय त्योहार कहा जाता है । ये त्योहार स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त, गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, गांधी जयंती 2 अक्तूबर को मनाये जाते हैं । इन त्योहारों का संबंध हमारी आज़ादी, हमारी प्रजातांत्रिक व्यवस्था, हमारी जातीय अस्मिता तथा राष्ट्रीय गौरव से है । राष्ट्रीय त्योहार हमारे मन में उमंग, उत्साह एवं कर्तव्य निष्ठा का संचार करते हैं ।

प्रश्न :

(1) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

(2) रेखांकित वाक्यांश का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(3) राष्ट्रीय पर्वों के नाम बताइए ।

(4) पर्व हमारे जीवन में किस प्रकार उपयोगी हैं ?

XII. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **छः** शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 6 × 1 = 6

| | | |
|---|---|---|
| (1) रवींद्र | (2) इत्यादि | (3) स्वागत |
| (4) वागीश | (5) मनोनुकूल | (6) षडानन |
| (7) संलग्न | (8) मुनींद्र | (9) एकैक |
| (10) महर्षि | | |

XIII. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **छः** शब्दों के समास के नाम लिखिए : 6 × 1 = 6

| | | |
|---|---|---|
| (1) प्रतिदिन | (2) दीननाथ | (3) पंचवटी |
| (4) राम-रहीम | (5) चक्रधर | (6) घर-घर |
| (7) त्रिभुवन | (8) जय-पराजय | (9) शरणागत |
| (10) पंकज | | |

XIV. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **चार** का अर्थ लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(1) अंगारे उगलना
(2) अपनी कब्र आप खोदना
(3) आँख भर आना
(4) आप भला तो जग भला
(5) ऊँट के मुँह में जीरा
(6) दबे पाँव निकलना
(7) मुँह में पानी आना
(8) सिर पर चढ़ाना

(आ) निम्नलिखित लोकोक्तियों में से किन्हीं **चार** का अर्थ लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(1) आँख का अंधा नाम नयनसुख
(2) इस कान से सुनकर उस कान से निकाल देना
(3) ऊँची दुकान फीका पकवान
(4) घर का भेदी लंका ढाए
(5) जो गरजे सो बरसे नहीं
(6) जिसकी लाठी उसकी भैंस
(7) डूबते को तिनके का सहारा
(8) खाली दिमाग शैतान का घर

XV. संक्षिप्तीकरण कीजिए : $1 \times 6 = 6$

सभी देशों में जनता को महत्त्वपूर्ण तथा साधारण से साधारण कार्य के लिए सामान्य भाषा की आवश्यकता पड़ती है । यदि इस देश में विभिन्न प्रकार के भाषा-भाषी न होते और देश का विस्तार अधिक न होता तो एक या दो भाषाओं से काम चल सकता था । संभव यह भी था कि मध्यवर्तिनी या केन्द्रीय भाषा की आवश्यकता ही न पड़ती । पर भारतवर्ष एक विशाल बड़ा देश है । इसके विभिन्न भागों में कुल मिलाकर चौदह बड़ी भाषाएँ प्रचलित हैं । इस विभिन्नता में सर्वसाधारण को आपस में कार्य करने और एक दूसरे को समझने के लिए एक माध्यम की आवश्यकता है ।

XVI. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** वाक्यों का वाच्य बदलिए : $3 \times 2 = 6$

(1) राम पाठ पढ़ता है ।
(2) उनसे काम किया गया ।
(3) लड़कियों से कपड़े धोए गए ।
(4) शाहजहाँ से ताजमहल बनवाया गया था ।
(5) लीला से सिनेमा देखा गया है ।
(6) पुलिस ने चोर को पकड़ा ।

---